आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 338 ● कटनी ● शनिवार, 15 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्लपक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




## ओमिक्रॉन का सामुदायिक प्रसार

**नई दिल्ली।** देश में पहली बार ओमिक्रॉन का सामुदायिक प्रसार मिला है। राष्ट्रीय राजधानी में हाइब्रिड इम्युनिटी भी बननी शुरू हो गई है। अभी तक सरकारें सामुदायिक प्रसार का अनुमान लगा रही थीं, लेकिन अब चिकित्सीय अध्ययन में इस बात के सुबूत भी मिल चुके हैं। दिल्ली पहला ऐसा राज्य है जहां समुदाय में 60 फीसदी से भी ज्यादा ओमिक्रॉन का प्रसार हुआ है। 22 दिन पहले यह प्रसार शुरू हुआ जो अब वैक्सीन की दोनों खुराक लेने वालों में भी मिल रहा है। साल 2020 में वुहान, फिर 2021 में डेल्टा वेरिएंट से संक्रमित होने के बाद लोगों ने टीका भी लिया लेकिन अब ओमिक्रॉन की चपेट में आने के बाद फिर से इनके शरीर में इम्युनिटी बन रही है। चिकित्सा विज्ञान में यह हाइब्रिड इम्युनिटी माना जाता है। दिल्ली में अभी कुछ मरीज ऐसे भी मिले हैं जिनमें चार-चार स्रोत के जरिये इम्युनिटी विकसित हुई है। जन स्वास्थ्य के लिहाज से ओमिक्रॉन के सामुदायिक प्रसार से बन रही हाइब्रिड इम्युनिटी को बेहतर संकेत भी माना जा रहा है। साथ ही सामुदायिक प्रसार घोषित होने की वजह से सरकारी रणनीतियों में निगरानी से लेकर जांच तक को लेकर बदलाव भी किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार नई दिल्ली के बसंत कुंज स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंस (आईएलबीएस) ने अध्ययन के जरिये दिल्ली में ओमिक्रॉन वैरिएंट के सामुदायिक प्रसार की पुष्टि की है।

**अध्ययन में पहली बार मिले प्रमाण, राजधानी में 60 फीसदी से ज्यादा फैला वायरस**

## 24 घंटे में 2,68,833 नए मरीज

### डरा रहा बढ़ता संक्रमण का ग्राफ

**नईदिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में बीते 24 घंटों में कोरोना के 2,68,833 नए केस सामने आए हैं। यह आंकड़ा एक दिन पहले से 4,631 अधिक है। यानि कोरोना के नए मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आशंका जताई जा रही है कि यही कोरोना की तीसरी लहर है और जनवरी के आखिरी में यह अपने चरम पर पहुंच जाएगी और तब एक दिन में करीब 4 लाख नए मरीज सामने आएंगे। बहरहाल, बीते 24 घंटों में 1,22,684 मरीज ठीक भी हुए हैं। अभी देश में 14,17,820 एक्टिव केस हैं। रोज की पॉजिटिविटी दर 16.66त्न पर पहुंच गई है। ओमिक्रोन मरीजों का आंकड़ा 6,041 पहुंच गया है। कोरोना काल में प्रयागराज में माघ मेले का आयोजन हुआ है। 14 जनवरी मकर संक्रांति से शुरू हुए इस माघ मेले के पहले दिन लाखों लोगों ने डुबकी लगाई। इस बीच, चिंता वाली बात यह है कि माघ मेले में जुड़े 70 लोगों में कोरोना संक्रमण पाया गया है। प्रशासन ने शनिवार को प्रयागराज के आंकड़े तो जारी किए, लेकिन माघ मेले के कोरोना आंकड़े जारी नहीं किए। मेले में कोरोना के एक्टिव केसेस की संख्या अब ब ?कर 72 हो गई है। आरोप है कि प्रशासन मेले में कम जांच करके कम पॉजिटिव दिखाने का खेल खेल रहा है। ऐसे तो नहीं फैल रहा कोरोना ? ट्रेन से उतर रहे 17 हजार यात्री, जांच सिर्फ 10 फीसदी लखनऊ में कोविड संक्रमित मरीज मिलने की सबसे बड़ी वजह ट्रेन से आने वाले यात्री बन रहे है। इस बात का खुलासा स्वास्थ्य विभाग की ओर से होने के बावजूद गैर राज्यों से ट्रेनों से आने वाले यात्रियों की शतप्रतिशत कोविड जांच हवा हवाई साबित हो रही हैं।



## दुबई एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादस

## भारत आ रही दो फ्लाइट टकराने से बाल-बाल बची

नई दिल्ली। दुबई एयरपोर्ट पर कल एक बड़ा हादसा टल गया। भारत आ रही दो फ्लाइट आपस में टकराने से बाल-बाल बच गई। भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानी डीजीसीआई ने संयुक्त अरब अमीरात विमानन प्राधिकरण से इसको लेकर रिपोर्ट मांगी है। सूत्र बताते हैं कि अमीरात बोइंग 777 बीते रविवार यानी 9 जनवरी को हैदराबाद के लिए दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली थी। विमान ने टेक-ऑफ रन शुरू कर दिया था। अचानक विमान में सवार पायलट को अपना टेक-ऑफ रद्द करने के लिए कहा। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक और अमीरात बोइंग 777 जो दुबई से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने के लिए निर्धारित थी, रनवे को पार कर गई थी। जब यह घटना हुई तब दोनों जेटलाइनरों में सैकड़ों यात्री सवार थे। आपको बता दें कि हैदरावाद वाली फ्लाइट को जिस वक्त टेक-ऑफ रन कैंसिल करने के लिए कहा गया उस समय उसकी रफ्तार करीब 240 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी। जेट रनवे की लंबाई से लगभग 790 मीटर नीचे सुरक्षित रूप से रुकने में सक्षम था। इस कारण से एक बड़ा हादसा टल गया। अमीरात की समय सारणी के अनुसार दोनों उड़ानों के प्रस्थान समय के बीच पांच मिनट का अंतर था। घटना में शामिल दोनों जेट विमानों ने अंततः भारत के लिए उड़ान भरी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के सूत्रों के अनुसार, दोनों उनके पंजीकृत विमान हैं। इसलिए आईसीएओ (अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन) के अनुसार इसकी जांच उनके द्वारा की जाएगी ज्ज् भारत के डीजीसीए ने उन्हें जांच रिपोर्ट साझा करने के लिए कहा है। संयुक्त अरब अमीरात के विमानन जांच निकाय द एयर एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन सेक्टर, द्वारा एक जांच शुरू की गई थी।



## फटाफट खबरें

### रैपिस्ट को 20 साल की जेल, नाबालिग से किया था रेप

**बैतूल।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में नाबालिग से रेप कर उसे गर्भवती करने के आरोपी को अदालत ने 20 साल की सजा सुनाई है। लोक अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) अमित कुमार राय ने आज इस बारे में जानकारी दी। अमित कुमार राय ने बताया कि घटना 22 सितंबर 2019 की है। बैतूल बाजार के एक क्षेत्र निवासी योगेंद्र गाडगे (25) ने 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा को किसी काम से अपने घर बुलाया। इसके बाद उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। बाद में किसी अन्य को इसकी जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी ने 27 सितंबर को पीड़िता को फिर घर बुलाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने डर के कारण घर पर घटना की जानकारी नहीं दी।

### श्योपुर के पास कार पलटी, तीन की मौत, एक घायल

**ग्वालियर, ।** मध्य प्रदेश में श्योपुर के पास शिवपुरी स्टेट हाइवे पर एक कार अचानक पलट गई जिससे उसमें सवार चार लोगों में तीन की मौत हो गई। एक घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दुर्घटना शुक्रवार की रात की बताई जाती है ।श्योपुर जिले में शिवपुरी स्टेट हाईवे पर शुक्रबार की देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार 4 लोगों में से दो व्यक्तियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया तथा एक अन्य घायल ने अस्पताल में दम तोड़ा। वहीं हादसे में एक घायल युवक का इलाज ग्वालियर के जयारोग्य हॉस्पिटल में किया जा रहा है। मृतकों के शवों को पीएम के लिए भेज दिया है।

### सोपोर में लश्कर के तीन आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की सोपोर पुलिस ने ज्वाइंट नाका पर लश्कर के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 पिस्तौल, 2 पिस्तौल मैगजीन, 13 पिस्तौल राउंड और एक हथगोला बरामद हुआ है। इस तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस की तत्परता के चलते बढ़ी आतंकी साजिश नाकाम हो गई। जम्मू-कश्मीर में टेरर मॉनिटरिंग ग्रुप (टीएमजी) की रणनीति आतंकी गुटों पर भारी पड़ रही है। टीएमजी की प्रभावी कार्रवाई के चलते आतंकियों के जमीनी नेटवर्क पर नकेल कसने में काफी कामयाबी मिली है। आतंकी फंडिंग नेटवर्क को तोड़ने के लिए एजेंसियों की छापेमारी का काफी असर हुआ।

## किसान बेहाल जनवरी में ही मिलेगा मुआवजा

### सीएम का राजस्व अमले को अल्टीमेटम



मुख्यमंत्री को दुखड़ा सुनाते किसान, तबाह फसल को देखते शिवराज सिंह

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कई सप्ताह से बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कहर से अब किसान परेशान होने लगा है। फसल बरबाद होने के बाद उसे नुकसान का मुआवजा मिलने में हो रही देरी की वजह से उसका गुस्सा चेहरे और सड़क पर दिखाई दिया है। किसान की परेशानियों को देखकर शुक्रवार से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जिलों के दौरों के लिए निकले हैं जहां उन्होंने राजस्व अमले को साफ शब्दों में कह दिया है कि किसान को किसी भी हालत में जनवरी में ही मुआवजा बांट दिया जाना चाहिए। बेमौसम बारिश के कारण मध्य प्रदेश के कई जिलों निवाड़ी, दतिया, अशोक नगर, गुना, विदिशा, राजगढ़, मंदसौर, उज्जैन, आगर मालवा, सागर, टीकमगढ़ सहित कुछ अन्य जिलों में किसान के खेतों की फसलें ही जमीन पर बिछ गई है। जो फसलें बची हैं, उनके दाने अच्छे नहीं बचे हैं। इससे किसानों को नुकसान हुआ कई जिलों से किसानों के रोने और गुस्से में चक्काजाम करने की तस्वीरें सामने आईं। सागर के एक किसान ने तो चने की खराब फसल पर बुंदेली गाना बना दिया है।

## मप्र में आफत में राहत

### दूसरी लहर में छह फीसद मरीज आईसीयू में थे, इस बार 0.2

**भोपाल ।** कोरोना की दूसरी लहर के मुकाबले तीसरी लहर में मरीजों की संख्या चार गुना ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है, लेकिन लेकिन राहत की बात यह है कि तीसरी लहर में भर्ती होने वाले और गंभीर मरीजों की संख्या दूसरी दूसरी लहर के मुकाबले कई गुना कम है। दूसरी लहर में 10 मई 2021 को प्रदेश में सर्वाधिक एक लाख 11 हजार 223 सक्रिय मरीज थे। इनमें 74 फीसद होम आइसोलेशन और 26 फीसद अस्पतालों में भर्ती थे। भर्ती मरीजों में से 6 फीसद गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में थे। भर्ती मरीजों में 12 फीसद को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ रही थी। बाकी साधारण आइसोलेशन बिस्तर में थे।अब तीसरी लहर की बात करें तो 12 जनवरी को प्रदेश में 14,413 सक्रिय मरीज थे। इनमें 13,820 यानी 96 फीसद होम आइसोलेशन में थे। भर्ती मरीजों में 393 यानी कि 2.8 फीसद साधारण बिस्तर में भर्ती थे जिन्हें ऑक्सीजन की जरूरत भी नहीं थी। एक फीसद ऑक्सीजन बेड पर थे, जबकि 0.2 फीसद आईसीयू/एचडीयू में भर्ती थे। तीसरी लहर में प्रदेश में 28 दिसंबर से मरीजों की संख्या बढ़ना शुरू हुई है। इसमें शुरू से लेकर अब तक भर्ती होने वाले मरीजों और उनमें ऑक्सीजन सपोर्ट और आइसीयू में भर्ती रहने वाले मरीजों का अनुपात लगभग यही है ।हालांकि कोरोना की दूसरी लहर में 11 दिन में मरीज दोगुने हो रहे थे, जबकि तीसरी लहर में तीन दिन में हो रहे हैं। भारतीय विज्ञान संस्थान और बेंगलुरू स्थित भारतीय सांख्यिकी संस्थान का अनुमान है कि प्रदेश में फरवरी के पहले हफ्ते में हर दिन 19000 मरीज मिलेंगे। इस दौरान सक्रिय मरीजों की सर्वाधिक संख्या 1 लाख 52 हजार होगी। अभी करीब 4 फीसद मरीज ही भर्ती हो रहे हैं, लेकिन कोरोना के पीक के दौरान सक्रिय मरीजों के 10 फीसद यानी 15200 मरीजों के अस्पतालों में रहने का अनुमान है।





### पाक अपनी आदत से लाचार, 300-400 आतंकियों को घुसपैठ के लिए दे रहा रास्ता

**नई दिल्ली ।** भारतीय सेना आज अपना 74वां स्थापना दिवस मना रही है। भारतीय सेना द्वारा हर साल 15 जनवरी के दिन भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने देश को बधाई दी और फिर लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर सेना प्रमुख ने पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देने की अपनी आदत से लाचार है। सीमा पार प्रशिक्षण शिविरों में तकरीबन 300-400 आतंकवादी घुसपैठ करने के अवसर की तलाश में बैठे हैं। सरहद पार से ड्रोन द्वारा हथियारों की तस्करी की कोशिश भी जारी है ।सेना प्रमुख ने कहा कि एलओसी में स्थिति पिछले साल से बेहतर है लेकिन पाकिस्तान अभी भी सीमा के पास आतंकियों को पनाह दे रहा है. करीब 300-400 आतंकी भारत में घुसपैठ का इंतजार कर रहे हैं।

## नालंदा में 9 लोगों की मौत 3 की हालत गंभीर

### परिजनों का आरोप- जहरीली शराब पीने से गई जान

**,नालंदा।** बिहार की नीतीश सरकार ने राज्य में शराब के सेवन, उत्पादन और बिक्री पर रोक लगाई हुई है। इसके बावजूद राज्य में शराब तस्करी, पीने के मामले रोजाना सामने आते रहते हैं। इतना ही नहीं कई बार जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हो चुकी है। फिर भी लोग सुधर नहीं रहे हैं। ताजा मामला नालंदा का है जहां पांच लोग शराब की वजह से काल के गाल में समा गए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।
दरअसल, नालंदा जिले के सोहसराय थाना इलाके के छोटी पहाड़ी और पहाड़तल्ली मोहल्ला में संदेहास्पद स्थिति में एक साथ 9 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर हालत में निजी क्लीनिक में इलाजरत हैं। सभी मृतकों के परिजन शराब पीने के बाद तबीयत बिगड़ने से मौत की बात बता रहे हैं।






### 2021 इतिहास का पांचवां सबसे गर्म साल रहा

नई दिल्ली। जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिखने लगा है। बीते साल यानी 2021 में भारत में हवा का औसत तापमान सामान्य से 0.44 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। यह 1901 से अब तक पांचवां सबसे गर्म वर्ष रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसा सर्दियों के दौरान जनवरी-फरवरी और मानसून के बाद अक्टूबर से दिसंबर के बीच औसत तापमान ज्यादा रहने से हुआ है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के सालाना क्लाइमेट स्टेटमेंट के मुताबिक पिछले साल जनवरी-फरवरी (सर्दी) में औसत तापमान सामान्य से 0.78 डिग्री सेल्सियस अधिक था। प्री-मानसून (मार्च से मई) के वक्त औसत तापमान सामान्य से 0.35 डिग्री सेल्सियस और मानसून के दौरान (जून से सितंबर) औसत तापमान सामान्य 0.34 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं, मानसून के बाद (अक्टूबर से दिसंबर) औसत तापमान सामान्य से 0.42 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

## बजट सत्र पर संकट के बादल | संसद के 700 से ज्यादा कर्मचारी कोरोना संक्रमित

## क्या मानसून सत्र 2020 जैसी लागू होंगी पाबंदियां ?

**नई दिल्ली ।** 31 जनवरी से दो चरणों में शुरू होने जा रहे बजट सत्र पर संकट के बादल छाए हुए हैं। दरअसल, कोरोना की तीसरी लहर के बीच होने जा रहे इस बजट सत्र से पहले संसद के 700 कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। सूत्रों की मानें तो चार जनवरी तक संसद परिसर के 718 कर्मचारियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिसमें अकेले 204 कर्मचारी तो राज्यसभा सचिवालय के ही हैं। बाकी कर्मचारी भी संसद से ही जुड़े हुए हैं। इस बीच विशेषज्ञों का कहना है कि जब से संसद सत्र शुरू होगा, कोरोना की तीसरी लहर अपने पीक पर होगी। ऐसे में बजट सत्र के दौरान संक्रमण का सबसे ज्यादा खतरा रहेगा।



### मानसून सत्र, 2020 की तरह लग सकते हैं प्रतिबंध

ओमिक्रॉन और कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच होने जा रहे बजट सत्र का हाल भी मानसून सत्र, 2020 जैसा हो सकता है। सितंबर,2020 में आयोजित मानसून सत्र में सख्त कोविड-19 प्रोटोकॉल लागू किया गया था। दिन के पहले भाग में राज्यसभा की बैठक और दूसरे भाग में लोकसभा की बैठक आयोजित की जा रही थी। इसके बाद अगले बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र अपने पूर्व निर्धारित समयानुसार हुए। हालांकि, इस दौरान भी शारीरिक दूरी जैसे नियमों का पालन किया गया।

### बजट सत्र की हो चुकी है घोषणा

इधर, बढ़ते संक्रमण की चिंता के बीच लोकसभा सचिवालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में बजट सत्र की घोषणा कर दी गई है। लोकसभा का आठवां सत्र 31 जनवरी 2022 से शुरू होगा। इसके आठ अप्रैल को संपन्न होने की संभावना है। विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) को एक साथ 31 जनवरी की सुबह संबोधित करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय बजट एक फरवरी 2022 को प्रस्तुत किया जाएगा। स्थायी समितियों को मंत्रालयों व विभागों की मांगों पर विचार करने और अपनी रिपोर्ट तैयार करने का समय देने के लिए सदन 11 फरवरी को स्थगित होगा और 14 मार्च को फिर आयोजित होगा।

## उप्र चुनाव : भाजपा के लिए मुसलमानों से वोट मांग रहा आरएसएस

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की मुस्लिम शाखा, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) भी इन पांचों राज्यों में मुस्लिम मतदाताओं से बीजेपी के लिए वोट मांग रही है। इस दौरान आरएसएस ने कहा कि भगवा पार्टी अल्पसंख्यक समुदाय की सबसे बड़ी शुभचिंतक है। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए एमआरएम के राष्ट्रीय संयोजक शाहिद सईद ने कहा, मुस्लिम मतदाताओं तक पहुंचने के लिए लगभग 400 मेहनती कार्यकर्ता भाजपा के साथ काम करेंगे। इन कार्यकर्ताओं का नेतृत्व सात अन्य नामित सदस्य करेंगे। वे सभी आरएसएस के मुस्लिम विंग में विभिन्न विभागों के प्रमुख हैं। सईद ने कहा, योगी-मोदी सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों पर जन जागरूकता कार्यक्रम होंगे। एक बैठक के दौरान आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने एक च्अपील पत्रज् जारी किया है जिसमें भाजपा सरकारों और राज्यों द्वारा कल्याण के लिए लागू विभिन्न योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया है। भगवा पार्टी मुस्लिम समुदाय की सबसे बड़ी शुभचिंतक है।

**कहा- भगवा पार्टी आपकी सबसे बड़ी शुभचिंतक**



# दिनभर धुंध, तापमान में गिरावट, ठिठुरे लोग



**कटनी।** संक्राति पर्व का नाम सुनते ही मौसम में परिवर्तन जेहन में आ ही जाता है। आसमान पर बादलों का डेरा बारिश तथा दिन में भी कड़ाके की ठंड अक्सर मकर संक्राति पर्व पर मौसम का यह मिजाज रहता है सा इस साल भी ऐसा ही है। बीते दिनों बारिश के बाद मौसम में लगातार परिवर्तन जारी है। संक्रांति के एक दिन पहले तापमान में बढ़ोत्तरी रिकार्ड की गई थी लेकिन संक्राति के दिन से ही मौसम ने फिर से करवट बदली आसमान पर बादलों की जगह कोहरे की चादर से दिन भर धुंध बनी रही आज भी यह धुंध सुबह कोहरे और फिर दिन भर ठंडी हवाओं से लोगों को कंपकपाती रही। बारिश के बाद मौसम साफ होने से ठंड बढ़ गई है। इससे दिन में ठिठुरन महसूस हुई। गुरूवार को न्यूनतम 6 डिग्री तापमान, अधिकतम 21 डिग्री रिकार्ड किया गया। शहर के तापमान में पिछले सप्ताह से उतार-चढ़ाव हो रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण वातावरण में काफी ठंडक घुल गई। सुबह-शाम लोग कड़ाके की ठिठुरन से बचने के लिए अलाव का सहारा लेने को मजबूर हो रहे हैं। जिले में बढ़ती ठंड के साथ अब धुंध की चादर भी गहरी होती जा रही है। तापमान में गिरावट के साथ ही धुंध भी काफी बढ़ रही है। बीते तीन चार दिनों से शहर में सुबह 10 बजे तक कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों घरों से निकलने में गुरेज कर रहे हैं। लगातार बढ़ रही ठंड से लोग बीमार भी हो रहे हैं। एक हफ्ते में मौसम के बदले मिजाज के कारण मौसम शुष्क भी हो गया है। इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। कोहरे और ठंड के कारण लोग गले का दर्द, खांसी, जुकाम, सिरदर्द सहित अन्य कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। गांव से लेकर शहर तक ठंड का प्रकोप है। लोग ठंड से बचने जहां तरह-तरह के जतन कर रहे हैं तो वहीं अन्नादाता भी फसलों को पाला से बचाने के लिए चिंतित नजर आ रहे हैं।



संजय सिन्हा से पुरस्कार प्राप्त करते अमित झा एवं सभी सम्मानित पत्रकार

# यशभारत के अमित झा महर्षि पत्रकारिता सम्मान से नवाजे गए

**जबलपुर।** धार्मिक- आध्यात्मिक चेतना और ध्यान ऊर्जा के माध्यम से महर्षि महेश योगी ने सारे विश्व को सकारात्मकता से भरने का आजीवन प्रयत्न किया। उन्होंने सकारात्मक पत्रकारिता का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए जबलपुर से ज्ञानयुग प्रभात नामक समाचार पत्र का प्रकाशन भी किया। उपरोक्त आशय के विचार महर्षि महेश योगी के स्मृति जन्मोत्सव पर आयोजित 20वें महर्षि पत्रकारिता सम्मान के अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि पूर्व विधायक पं. नित्यनिरंजन खम्परिया, वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र वाजपेयी एवं संजय सिंह ने व्यक्त किए। अतिथियों ने मूल्य आधारित पत्रकारिता और पत्रकारों की परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए अनेक प्रश्न श्रोताओं के समक्ष रखे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में आयोजन के उद्देश्य पर प्रतुल श्रीवास्तव ने प्रकाश डाला। महर्षि जी का लगातार 35 वर्षों तक निकटतम सत्संग प्राप्त करने और महर्षि संस्थान के राष्ट्रीय संस्थापक जादूगर एसके निगम ने बताया कि

## सकारात्मक विचारों से ओतप्रोत दुनिया के दृष्टा थे महर्षि महेश योगी

महर्षि जी शरीर के बंधन त्यागकर ज्ञान और ध्यान के केन्द्रों के साथ ही सैकड़ों स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के लोगों को शिक्षित और जाग्रत कर रहे हैं। प्रारम्भ में आयोजन समिति के अनूप वर्मा, विजय जायसवाल, राजेश पाठक, प्रवीण, मोहित ओवेराय एवं राजीव गुप्ता ने महर्षि जी एवं उनके गुरू ब्रम्हानंद जी सरस्वती के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन किया। अतिथियों का सम्मान पुष्पमालाओं से आयोजन समिति के सदस्यों सहित रज्जन पटैरिया, रमाकांत गौतम, रेखा सहाने, माधुरी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में महर्षि पत्रकारिता सम्मान से प्रशांत सोनी, श्याम बिहारी सिंह, दीपक पटेल, संजय तिवारी, अजय पाठक, **यशभारत के अमित झा**, अंकित उपाध्याय, गोविंद दुबे, धर्मराज सहित आयुर्वेदाचार्य मोदी जी एवं विधि, नीतू पांडे को सम्मानित किया गया। लाइफ टाइम एचेवमेंट सम्मान संजय सिंह को प्रदान किया गया। इस अवसर पर पत्रकार महेश महदेल, पंकज पटैरिया, मयंक तिवारी, अविनाश दीक्षित, पं. नारायण शंकर व्यास, हरीश गम्भीर, आरके टेहनगुरिया, प्रशांत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### कवि मनीष तिवारी को दिया जाएगा प्रकाश प्रलय सम्मान



**18 जनवरी को आयोजित होगा कार्यक्रम**

**कटनी।** जनपरिषद वूमन विंग की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती नीलम जगवानी के निवास पर आयोजित बैठक में जनपरिषद के आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई । चर्चानुसार जनपरिषद कटनी चैप्टर को ऊंचाइयों पर ले जाने वाले स्व. प्रकाश प्रलय की जयंती 18 जनवरी के अवसर पर काव्य गोष्ठी आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। साथ ही कार्यक्रम में कटनी चैप्टर के दोनों विंग के नवागत अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर निवर्तमान दोनों अध्यक्षों को उनके सफल कार्यकाल को लेकर भोपाल में पिछले दिनों मिले बेस्ट यूनिट अवार्ड के स्मृति चिन्ह भी सौंपे जाएंगे। चर्चा के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि प्रकाश प्रलय की स्मृति को चिरस्थायी बनाये रखने हर वर्ष एक रचनाकार को 'प्रकाश प्रलय सम्मान' से नवाजा जाएगा। इस बार यह सम्मान देश ख्यातिलब्ध हास्य व्यंग्य कवि मनीष तिवारी को प्रदान किया जाएगा। मनीष तिवारी 18 जनवरी को कटनी के कार्यक्रम में उपस्थित रहककर सम्मान ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सम्मान की घोषणा जनपरिषद के केन्द्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा की गई थी। कार्यक्रम संस्था के मार्गदर्शक मनोहर मनोज के सानिध्य में होगा। बैठक में कटनी चैप्टर के सूत्रधार और प्रांतीय सचिव आशीष सोनी, कटनी चैप्टर के अध्यक्ष डॉ राजेश श्रीवास्तव प्रखर, निवर्तमान अध्यक्ष मनोज बर्मन, वूमनविंग की निवर्तमान अध्यक्ष सीमा चौधरी, कटनी चैप्टर के उपाध्यक्ष अजय खरे पंकज की उपस्थिति रही।

# इस साल भी बच्चों का भविष्य अधर में !

## 31 जनवरी तक स्कूल बंद, कालेज की परीक्षा कैसे होगी पता नहीं, बोर्ड एग्जाम पर भी संकट

**कटनी।** कोरोना से व्यापार तबाह, पाबंदियों से नुकसान, बीमारी पर खर्चा, आदि शब्दों को तो कोरोना के इस तीसरे काल में हर कोई सुन रहा है। पर कम ही लोगों को ध्यान है कि इस काल में सबसे ज्यादा कोई प्रभावित हुआ है तो वो हैं छात्र छात्राएं हमारे देश के भविष्य बच्चे किशारे युवा सबसे इस कोरोना काल में प्रभावित हुए। बच्चों को बीते दो वर्षों में यह समझ ही नहीं आ रहा कि वह आखिर करें क्या आफ लाइन रहें या आनलाइन की तैयारी करें। परीक्षा को लेकर सरकार भी अभी तक संशय में है। आरजीपीव्ही के छात्रों को बहुत पहले ही पता चल गया था कि उनके एग्जाम आललाइन ही होंगे। लिहाजा आरजीपीव्ही के छात्रों ने अपनी तैयारी कर ली थी लेकिन प्रदेश की बाकी विवि ने अब तक यह तय नहीं किया है कि उन्हें आललाइन परीक्षा देनी है या फिर आफ लाइन।




### कटनी के छात्र तो और भी ज्यादा पशोपेश में

कटनी के छात्र तो और भी ज्यादा पशोपेश में हैं क्योंकि कटनी में कोई विश्वविद्यायल ही नहीं है। अधिकांश छात्र रानी दुर्गावती विवि या फिर अन्य विवि के छात्र हैं कटनी में इन विवि की संबधता वाले कालेजों में भी कोई जानकारी अपडेट नहीं है कि उनकी परीक्षा कब होगी कैसे होगी। स्थानीय कालेजों में छात्र जानकारी लेने की कोशिश भी करे तो यहां कालेज का स्टाफ उन्हें कोई भी जानकारी नहीं देते। इधर सोशल मीडिया पर तमाम खबरें वायरल होतीं हैं। इन खबरों से जानकारी तो कम अलबत्ता छात्र भ्रमित जरूर हो जाते हैं।

### स्कूलों की जानकारी नहीं मिल रही

कालेज के छात्रों को तो फिर भी जानकारी आने वाले दिनों में मिल जाएगी लेकिन उन स्कूली विद्यार्थियों का क्या जिनके तो अब 31 जनवरी तक स्कूल भी बंद होग चुके हैं। स्कूली छात्रों की परीक्षा को बस कोई एक माह ही बचा है ऐसे में परीक्षा होती है या नहीं होती है तो फिर आन लाइन होगी या फिर आफ लाइन या फिर मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तय होंगे कुछ भी तय नहीं है। परेशान बच्चे मोबाइल पर आने वाली खबरों को ही सच मानने को मजबूर है।

### बोर्ड परीक्षा पर संकट के बादल

कटनी जिले के कई विद्यार्थियों से जब इस मामले में यशभारत ने बात की तो बच्चों में साफ तौर पर अनिश्चितता देखी जा सकती थी। बोर्ड अर्थात कक्षा 10वीं और 12 के छात्र काफी परेशान दिखे। छात्रों का कहना था कि अभी तक न तो सरकार साफ साफ कुछ भी नहीं घोषित कर रही है। परीक्षा अगले माह अर्थात 17 फरवरी से प्रारंभ होना है लेकिन अब जो खबरें राजधानी से मिल रही हैं वह साफ साफ इशारा करती हैं कि बोर्ड परीक्षाओं पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। कोविड की तीसरी लहर पूरे देश में सक्रिय हो चुकी है। इस लहर में सबसे ज्यादा चिंता बच्चों की ही है। क्योंकि बच्चे संक्रमित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में स्कूलों तक पहुंच कर परीक्षा करना काफी कठिन तथा खतरों भरा होगा। सूत्रों के अनुसार अब यह परीक्षाएं अप्रैल मई माह में आयोजित कराने पर मंथन चल रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही इसकी घोषणा के साथ नया टाइम टेबल भी घोषित कर दिया जाएगा।

### कोचिंग क्लासेस चल रही

भले ही पूरे प्रदेश में स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है कोचिंग क्लासों में भी यह आदेश लागू है लेकिन अभी भी कोचिंग संचालकों ने अपनी कक्षाएं बंद नहीं की हैं। शहर में कहीं चोरी छिपे तो कहीं खुले आम कक्षाएं संचालित हो रही हैं। अभिभावक भी स्कूलों में अवकाश के बाद बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हों इस लिहाज से बच्चों को कोचिंग अटैंड करने का दबाव बना रहे हैं। प्रशासन भी इस हालात में कुछ भी नहीं कर पा रहा क्योंकि अंततः पढ़ाई भी करना जरूरी है भविष्य का सवाल है। कटनी जिले में कलेक्टर ने नई गाइड लाइन में स्पष्ठ निर्देश जारी किये हैं। भले ही कलेक्टर के निर्देश कोरोना के लिहाज से उचित प्रतीत हो रहे हैं लेकिन भविष्य को देखते अभिभावक कोचिंग क्लास तक बच्चों को भेजने में कोई गुरेज नहीं कर रहे। कटनी में वैसे अभी तक बच्चों के संक्रमित होने के मामले कम हैं लेकिन जानकार बताते हैं कि आने वाला समय कठिन होगा। इस बीच कटनी जिले में किशोरो का टीकाकरण अभियान में ठीक ठाक चल रहा है। कुछ खबरों के बाद अभिभावकों में संशय की स्थिति

# हवन, पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के बाद श्रीमद्भागवत कथा विसर्जित



**कटनी।** रीठी के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में बीते सात जनवरी से चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं विष्णु महापुराण का आज शुक्रवार को हवन, भंडारा एवं पूर्णाहुति के बाद समापन हो गया। नगर का यह 18 वां धार्मिक आयोजन पूरे विधि-विधान व भक्तिमय के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार को सुबह आठ बजे शुरू हुआ हवन पूजन दोपहर बारह बजे तक चला। जिसमें क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों ने पहुंच कर हवन पूजन कर कल्याण की कामना की। पंडित रामकेत शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधी-विधान से हवन-यज्ञ व पूर्णाहुति संपन्न कराया गया। तत्पश्चात कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया। तथा इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं इस धार्मिक आयोजन के आखिरी दिन की पूर्व संध्या को वृन्दावन की रस मोहिनी रासलीला के कलाकारों द्वारा ब्रज की होली खेल कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संयोजक विपिन तिवारी ने धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजेश कंदेले, जगदीश अग्रवाल, मोहन पाठक, बिंजन श्रीवास,कमलेश नामदेव प्रभु दुबे गुलाब सिंह रामकुमार बर्मन, रघुवीर साहू, महेश कंदेले,उमा शंकर राय कमलेश ताम्रकार, सुधीर तिवारी, अनुज दुबे आदि श्रृद्धालुओं की उपस्थिति रही।



## प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी आश्रम में मनाई मकर संक्रांति

**कटनी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी गोपाल नगर कटनी में मकर संक्रांति का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में भगवती दीदी ने बताया कि खुशी बुराइयों का त्याग करने से प्राप्त होती है। इस समय एक सूर्य राशि से दूसरी राशि में जाता है। इसलिए इसे संक्रमण काल कहा जाता है, अर्थात एक दशा से दूसरी दशा में जाने का समय। यह संक्रमण काल उस महान संक्रमण काल का यादगार है जो कलियुग के अंत सतयुग के आरंभ में घटता है। सृष्टि बहन ने कहा संक्रांति का त्योहार संगमयुग पर हुई उस महान क्रांति की यादगार में मनाया जाता है। इस पर्व में स्नान, तिल खाने, दान, पतंग उड़ाने, तिल के लड्डू खाना, आग जलाने आदि पर विस्तार से समझाया।

# गर्ल्स कालेज में मनाया युवा उत्सव



**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय महाविद्यालय में युवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें शासन के निर्देशानुसार नियमों का पालन करते हुए छात्राओं के द्वारा घर पर ही विभिन्न विधाओं को किया गया। छात्राओं ने घर पर ही सूर्य नमस्कार किया महाविद्यालय परिसर में बाल संरक्षण का कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बाल संरक्षण के अंतर्गत छोटे बच्चों एवं युवाओं को संरक्षण हेतु चर्चा की गई। निबंध प्रतियोगिता के विषय, मतदान की अनिवार्यता पर छात्राओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ किरण खरादी, डॉक्टर प्रतिमा सिंह, मैत्रेय शुक्ला रिचा पांडे, प्रेमलाल कावरे आदि सभी स्टाफ ने सहभागिता प्रदान की शासकीय कन्या महाविद्यालय में विवेक विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा सप्ताह के रूप में मनाया गया 12 जनवरी को आयोजन हुआ कार्यक्रम में प्रचार्य डॉ आर के गुप्ता के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राशि योग इकाइयों के माध्यम से युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ आर के गुप्ता डॉक्टर साधना जैन डॉ किरण खरादी डॉ विमला डॉ प्रज्ञा अग्रवाल, डॉ अमिताभ पांडे वंदना मिश्रा, सुनीता श्रीवास्तव, नेहा चौधरी पूनम बाजपेई, सोनिया कश्यप श्वेता कोरी, प्रेमलाल कावरे आदि की उपस्थिति रही।


सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार पाचवां सप्ताह



रोजाना 2 शो तारीख 15 से 4 एवं सायं 7 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(NO WAY HOME )
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।



नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार 22वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 14 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 3 शो तारीख 14 से 1, 3.30 एवं 6.30 बजे से (हिन्दी में)
The Kingsman
कलाकार
राफ फिनिश, गेमा, मेथ्यू गुड, टाम हालेंडर आदि

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 15 जनवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# हर दिन बढ़ रहा कोरोना संक्रमण लापरवाही पड़ रही भारी, 67 नए केस


## एक सप्ताह में ही एक्टिव केस 100 के पार, राहत ये कि एक भी गंभीर नहीं

**कटनी। कोरोना की थर्ड बेव अब पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। जिले में इसका असर भी देखा जा रहा है। संक्रमित मरीजों की संख्या में हर दिन इजाफा हो रहा है। गुरूवार को जहां 45 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी तो वहीं शुक्रवार को एक साथ 67 लोगों के पॉजीटिव होने की खबर से पूरे जिले में हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि राहत की बात यह है कि एक भी मरीज की हालत गंभीर नहीं है।**

जानकाारी के मुताबिक कोरोना की तीसरी लहर के दौरान कटनी जिले में अब तक का सबसे बड़ा कोरोना विस्फोट कल शुक्रवार को हुआ। स्वास्थ्य विभाग को कल शाम मिली रिपोर्ट में एक साथ 67 लोगों के पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। पिछले एक सप्ताह में जिले में अब तक 168 केस सामने आ चुके हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई ने बताया कि अब तक जितने भी कोरोना संक्रमित केस मिले हैं, इनमे से किसी भी मरीज को हॉस्पिटल में दाखिल करने की जरूरत नहीं पड़ी है। सभी को होम आइसोलेशन में रखकर उपचार के साथ ही उनकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जिले में अभी तक कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन का एक भी मरीज नहीं मिला है। इसे बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को कोविड निमयों का पालन करने के साथ ही कोरोना के लक्षण दिखने पर तत्काल सेम्पल करने की सलाह दी है। सीएमएचओ डॉ. पी के मुढ़िया ने बताया कि जिला चिकित्सालय सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में संदिग्ध मरीजों की जांच की जा रही है लेकिन स्टेशन और बस स्टेंड में दूसरे शहरों से आने वाले लोगों की जांच के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### नर्सिंग कॉलेज के स्टुडेंट सहित बैंक कर्मचारी आए चपेट में

जानकारी के मुताबिक कल 14 जनवरी को मिली रिपोर्ट में 67 नए मरीजों में बरगवां स्थित एक नर्सिंग कॉलेज के करीब एक दर्जन नर्सिंग स्टुडेंट भी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इस खबर से कॉलेज में हड़कम्प मचा हुआ है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा एवं बरगवां शाखा का भी एक-एक कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाया गया है।



### जनवरी में अब तक मिले कोरोना केसेस

| | |
|---|---|
| 07 जनवरी | 05 |
| 08 जनवरी | 03 |
| 09 जनवरी | 05 |
| 10 जनवरी | 05 |
| 11 जनवरी | 17 |
| 12 जनवरी | 21 |
| 13 जनवरी | 45 |
| 14 जनवरी | 67 |
| **कुल योग** | **168** |

# उमरियापान में कोरोना के 6 केस मिलने से मचा हड़कंप

**कटनी/उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान और उमरियापान से लगे 4 ग्रामों में 6 लोगों के कोरोना संक्रमित पाए जाने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को आईसीएमआर लैब से मिली रिपोर्ट में जिले में 45 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, जिसमें उमरियापान की 19 वर्षीय युवती, घुघरी ग्राम का 16 वर्षीय बालक और 42 वर्षीय युवक, बम्हनी ग्राम की 19 वर्षीय युवती शामिल है। बुधवार को भी जिले में 21 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, जिसमें उमरियापान से लगे इटवां ग्राम की 25 वर्षीय युवती और मंगेली ग्राम 23 वर्षीय युवती संक्रमित पाई गई थी। तीसरी लहर की शुरुआत में ही उमरियापान क्षेत्र में एक साथ 6 केस मिलने से क्षेत्रवासियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। संक्रमित पाए गए सभी मरीजों को होम आइसोलेसन किया गया है। सभी संक्रमितों की कॉन्टेक्ट हिस्ट्री स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन तलाश रहा है। एक साथ 6 केस मिलते ही नायब तहसीलदार प्रियंका नेताम और थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा पुलिस अमला के साथ कल शाम को सड़क पर उतरे और चार पहिया वाहन, मोटर साइकिल, दुकानदारों और दुकानों में खड़े लोगों को बगैर मास्क के मिलने पर 100 रुपए पर व्यक्ति का चलान काटकर जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान मुख्य मार्केट झंडा चौक सहित पूरे मार्केट में भगदड़ जैसा माहौल निर्मित हो गया और सन्नाटा पसरा गया था। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सभी व्यापारियों को मास्क का उपयोग करते हुए व्यापर करने और मास्क न लगाने वाले ग्राहकों को सामान न देने की हिदायत दी है।



### प्रशासनिक अमला उतरा सड़क पर, मार्केट में भगदड़

**इनका कहना है**

सभी 6 मरीजों में हल्के लक्षण पाए गए हैं, जिस कारण किसी भी मरीज को जिला चिकित्सालय इलाज के लिए नहीं भेजा गया है। सभी लोगों को होम आइसोलेसन किया गया है।

**डॉ अजय सोनी, बीएमओ, उमरियापान**

# स्कूल, हॉस्टल बंद, जुलूस व रैली प्रतिबंधित

## राजनैतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक, मनोरंजन के आयोजनों में 250 लोगों से अधिक पर रोक

**कटनी।** कोविड-19 के पॉजीटिव केसेस तथा एक्टिव केसेस की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी तथा तीसरी लहर को दृष्टिगत रखते हुये इसकी रोकथाम के लिये अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रोमानुस टोप्पो द्वारा कटनी जिले के अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। इस संबंध में जारी आदेश के तहत जिले में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक समस्त स्कूल एवं हॉस्टल 31 जनवरी तक बंद रहेंगे।

जनवरी में आयोजित होने वाली प्री-बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पृथक से आदेश जारी किये जायेंगे। इसके साथ ही आदेश के तहत सभी प्रकार के मेले, धार्मिक, व्यवसायिक, जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, उन्हें प्रतिबंधित किया गया है। वहीं सभी प्रकार के जुलूस एवं रैलियां भी प्रतिबंधित रहेंगे। आदेश के तहत समस्त राजनैतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक, मनोरंजन आदि के आयोजनों में

### प्रशासन ने जिले में लागू की धारा 144

250 व्यक्तियों से अधिक की उपस्थिति प्रतिबंधित रहेगी। बंद हॉल की क्षमता के 50 प्रतिशत से कम की उपस्थिति के ही आयोजन, कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे। खेलकूद संबंधी गतिविधियों के लिये स्टेडियम की क्षमता के 50 प्रतिशत से अधिक की उपस्थिति के आयोजनों को प्रतिबंधित किया गया है। कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करना अनिवार्य होगा। कोविड उपयुक्त व्यवहार जैसे मास्क का उपयोगए सोशल डिस्टेन्सिंग आदि का पालन करना अनिवार्य होगा। यदि कोई व्यक्ति बिना मास्क अथवा सोशल डिस्टेन्सिग नियमों के उल्लंघन के पाया जाता है, तो 200 रुपये जुर्माना तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में नियमों का पालन ना किये जाने पर 500 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किये जाने की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही प्रतिष्ठान के संचालकों द्वारा नियमों के उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर प्रतिष्ठानों को 24 घंटों के लिये शीलबंद किया जायेगा। आदेश की कंडिकाओं का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।



# कोराना बढ़ा तो एक्टिव हुआ प्रशासन

### क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की वर्चुअल बैठक, नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**कटनी।** राज्य शासन ने कोविड.19 के पॉजीटिव और एक्टिव प्रकरणों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत नये दिशा.निर्देश जारी किये हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुक्रवार ली गई क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की वर्चुअल बैठक में हुए विचार विमर्श के तत्काल बाद अपर मुख्य सचिव गृह डॉ राजेश राजौरा ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर सभी कलेक्टर्स को उनका कड़ाई से पालन करने को कहा है। वर्चुअल बैठक में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी सुनील कुमार जैन, सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा भी शामिल हुए। डॉ राजौरा ने बताया कि कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन अनिवार्य होगा। कोविड उपयुक्त व्यवहार जैसे मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग आदि का पालन सुनिश्चित कराया जाए। मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जाए।



**कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिये कलाकृतियाँ आमंत्रित :** उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी मप्र संस्कृति परिषद द्वारा मप्र राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

# मुख्य मार्ग पर फोकस, अंदरूनी गलियों पर लग रहा जाम

### लोगों को हो रही परेशानी, अतिक्रमण और यातायात अमला नदारद

**कटनी।** शहर की अंदरूनी गलियों में हर रोज लगने वाले जाम से शहर के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सिल्वर टॉकीज की ओर जाने वाले मार्ग पर दिन में कई दिनों जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। लोगों ने बताया कि यहां से चार पहिया निकलकर गर्ग चौराहा होते हुए ओव्हर ब्रिज के लिए निकलते हैं। इस दौरान यदि आमने-सामने दो वाहन आ जाएं तो जाम लग जाता है। नगर निगम का अतिक्रमण अमला केवल मुख्य मार्गों से ही अतिक्रमण हटाता है लेकिन अंदरूनी गलियों पर सड़कों तक लगी दुकानों को विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। उधर यातायात अमला भी केवल चौराहों तक ही ड्यूटी देने में व्यस्त है। पुलिस केवल कोतवाली से लेकर स्टेशन तक ही अभियान चलाती है लेकिन अंदरूनी गलियों की यातायात व्यववस्था सुधारने की तरफ ध्यान ही नहीं दिया जाता है। जिसके चलते लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# 22 गज की पिच पर उतरे वरिष्ठ खिलाड़ियों को याद आए पुराने दिन

## कल खेला जाएगा कटनी मास्टर कप लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला, तीसरे और चौथे स्थान के लिए भी होगा मैच

कटनी। फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड में 13 जनवरी से चल रहे कटनी मास्टर कप लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में हर दिन एक से बढ़कर रोमांचक मुकाबले हो रहे हैं। 22 गज की पिच पर एक बार फिर अपना जौहर दिखाने वरिष्ठ खिलाड़ी उतरे तो उन्हें अपने पुराने दिन याद आ गए। उम्र के इस पड़ाव में भी क्रिकेट के प्रति उनका उत्साह देखते ही बन रहा है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कल खेला जाएगा। जिसमे तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच होगा, इसके बाद विजेता के लिए दो टीमें आमने-सामने होंगी।

टूर्नामेंट के पहले दिन यलो स्कवाड एवं ब्लू ब्रिगेड के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यलो स्कवाड ने 6 विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाए। जिसमे अभयराज ने सर्वाधिक 38, आर पी सिंह ने 12 एवं कप्तान संदीप जायसवाल ने नाबाद 13 रनों का योगदान दिया। ब्लू ब्रिगेड की ओर से सैयद मुताहिर जैदी ने शानदार गेन्दबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। जबावी पारी खेलने उतरी ब्लू ब्रिगेड ने 4 विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। ब्लू ब्रिगेड की ओर से ओपनर शशांक दास ने 28, तनूप सरकार ने 17, कप्तान संदीप बाजपेयी ने 21 एवं गुरूबक्श ने 13 रन बनाए। यलो स्कवाड की ओर से कप्तान संदीप जायसवाल ने शानदार गेन्दबाजी करते हुए 2, कमल गौर एवं रमन सेठी ने एक-एक विकेट लिया। टूर्नामेंट पहले दिन दूसरा मैच गो ग्रीन एवं ग्रे पेंथर्स के बीच खेला गया। जिसमे गो ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओव्हरों ने 5 विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाए। जिसमे उत्पल चैटर्जी ने 22, शुभाशीष सेन ने 18 एवं मृणाल बैनर्जी ने 16 रनों का योगदान दिया। ग्रे पेंथर्स की ओर से विभाष पाटिल ने 2 एवं अवतार सिंह, हिमांशु दास एवं संजय गिरी ने एक-एक विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी ग्रे पेंथर्स ने 13.2 ओवरों में 94 रन बनाकर मैच जीत लिया। ग्रे पेंथर्स की ओर से सुखविंदर सिंह ने 29, हरिशंकर बाजपेयी कल्लू ने 21, टीटी अब्राहिम ने 19 रन बनाए। गो ग्रीन की ओर से शुभाशीष सेन गुप्ता, संतोष कुशवाहा एवं उत्पल चैटर्जी ने एक-एक विकेट लिया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन कल शुक्रवार को गो ग्रीन एवं यलो स्कवाड के बीच 20 ओवरों का मैच खेला गया। जिसमे गो ग्रीन ने 6 विकेट के नुकसान 150 रनों का स्कोर बनाया। जबावी पारी खेलने उतरी यलो स्कवाड 6 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। इस तरह गो ग्रीन ने यह मैच 26 रनों से जीतकर टूर्नामेंट के अगले राउण्ड में प्रवेश किया। यलो स्कवाड की ओर से ओपनर नितिन टुड़हा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 गेन्दों पर 49 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। इसके अलावा आर पी सिंह ने 9, अभयराज ने 16, जीतेन्द्र सिंह ने 19 एवं कप्तान विधायक संदीप जायसवाल ने 11 गेन्दों पर नाबाद 15 रन बनाए। गो ग्रीन की ओर से रवि लुनिया ने 2, शुभाशीष सेन, उत्पल चैटर्जी, संतोष कुशवाहा ने एक-एक विकेट लिया। गो ग्रीन की ओर से गुलशन साहनी ने सर्वाधिक 33 रन अपनी टीम के लिए बनाए। इसके अलावा कप्तान शुभाशीष सेन ने 29, सुनील रोंतिया ने 14 संदीप बक्श ने 19 एवं संतोष कुशवाहा ने 24 रनों का योगदान अपननी टीम के लिए दिया। यलो स्कवाड की ओर से जीतेन्द्र सिंह ने 2 विकेट, कमल गौर एवं राजेश पटेल ने एक-एक विकेट लिया। आज ब्लू ब्रिगेड एवं गो ग्रीन के बीच पहला मैच खेला जा रहा है। जबकि दूसरा मैच यलो स्कवाड एवं ग्रे पेंथर्स के बीच खेला जाएगा।



# 14वें यदु स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 17 से

कटनी। जिला क्रिकेट संघ कटनी के तत्वावधान में 14वें यदु स्म्रति जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन फारेस्टर प्ले ग्राउंड में सोमवार 17 जनवरी से किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में जिन क्लब्स का रजिस्ट्रेशन हुआ है, सिर्फ वे ही टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड ने बताया कि संघ में 12 टीमें भाग ले रही हैं। हर मुकाबला 35-35 ओवरों का खेला जाएगा। जिला क्रिकेट संघ कटनी के सचिव राजेश डेविड ने क्रिकेट प्रेमियों से फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं संदीप रघुवंशी पिता श्री सुरेश सिंह, आयु लग. 33 वर्ष, निवासी- म.नं. 751 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नं. 36, पुरानी सिक लाईन के सामने, छपरवाह, मुड़वारा, कटनी तह व जिला कटनी म.प्र. यह कि मेरे समस्त स्कूल के दस्तावेजों में मेरा नाम संदीप कुमार सिंह (SANDEEP KUMAR SINGH) दर्ज है। जबकि मेरे आधारकार्ड, पेनकार्ड, बैंक पास बुक एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम संदीप रघुवंशी (SANDEEP RAGHUVANSHI) दर्ज है। उक्त वर्णित दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है एवं मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। अत: मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम संदीप रघुवंशी (SANDEEP RAGHUVANSHI) दर्ज किया जावे।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**प्रॉपर्टी डीलर**

कटनी शहर में प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने, किराये पर लेने-देने हर तरह के प्लाट, मकान एवं कृषि भूमि उपलब्ध है।
संपर्क- राजेश भाषाणी
मो. 9300056824

## कार्यालय नगरपालिक निगम मुड़वारा कटनी (म.प्र.)

क्रं./7486/स्व.भा.मि. विभाग /2021-22 **प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक - 11-07-22

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नानुसार कचरे से खाद कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें में https://www.mptenders.gov.in पर Key Date and Time अनुसार मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत जीवित पंजीयनधारी हो, से निम्न कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते व जानकारी एवं संशोधन अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | स्थल का नाम जहां कार्य कराया जाना है | प्राक्कलन का आधार एस.ओ.आर. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपए में) | प्राक्कलन राशि (रूपए में) | अमानत राशि (रूपए में) | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राधिका होटल के पीछे में कचरे से खाद निर्माण कार्य के | UADD_SOR _20 21 VOL II संबंध में | 2000/- | 2,90,214/- | 2902/- | 01 माह |

नोटः- निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा। समाचार पत्रों में नहीं। 1- निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 14/01/2022 सायंकाल 5:30 बजे से। 2- निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31/01/2022 सायंकाल 5:30 बजे से। 3- बिड खोलने की तिथि 02/02/2022 प्रातः 11:00 बजे से।

**कार्यपालन यंत्री वास्ते- आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी**

## कार्यालय दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड, कटनी, नगर पालिक निगम कटनी

(CIN:60200MP2017SGC043539)

क्रं./7384/परिवहन/ /2022 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक - 07-01-2022

दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड कटनी द्वारा नगरीय बस सेवा संचालन हेतु निविदा जारी की जा रही है जो ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें में https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा नगरपालिक निगम, कटनी में एवं पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

**बस संचालकों को बस कास्ट/मूल्य का अधिकतम 40% प्रतिशत तक अनुदान सब्सिडी**

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपए में) | अमानत राशि (रूपए में) | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Selection of bus Operator for Bus Transport System in Katni City On (intracity routes) of MP on Operate and Maintain Basis Under DKCBSL, Nagar Palik Nigam Katni (बस प्रकार- मिडी / मिनी = 2 बस ) | 10000.00 | 100000 | 07 वर्ष |

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है:- (1) निविदा प्रत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 11/01/2022 को सायंकाल 5:30 से। (2) प्री-बिड मीटिंग की तिथि 25/01/2022 को दोपहर 11:30 बजे से। (3) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/02/2022 को सायंकाल 5:30 बजे तक। (4) बिड जमा करने अंतिम तिथि 11/02/2022 को सायंकाल 5:30 बजे तक। (5) बिड खोलने की तिथि 14/02/2022 को प्रात: 11:00 बजे से।

**कार्यपालन यंत्री वास्ते- आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी**

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म०प्र०)

पत्र क्रमांक 5422/खनिज/2021 कटनी, दिनांक 29/12/2021

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए.

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/पदमेश गौतम निवासी धरवारा तहसील स्लीमनाबाद जिला कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 01.06.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 4555 दिनांक 19.08.2021 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | स्लीमनाबाद | पौनिया | 1134 | 2.00 | शासकीय भूमि | गिट्टी | |
| | | | कुल रकबा | 2.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

G-21344/21

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला कटनी

# खुद का रोजगार स्थापित कर समर्थ बनें युवा





## द्वारिका भवन में आयोजित हुआ स्वरोजगार मेला

**कटनी। कोरोना कॉल में काफी लोगों के रोजगार प्रभावित हुए हैं। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकार ने स्व रोजगार की अलख जगाई है। पथकर योजना छोटे दुकानदारों के लिए बूस्टर डोज की तरह है।**

योजनाओं में महिला समूहों को भी काम मिलेगा और उससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं लेकिन एक बात का ध्यान रखें कि ऋण का भुगतान समय पर यदि आप करते हैं तो उससे बैंकों का आप पर विश्वास बढ़ेगा। यह बात जनपद पंचायत कटनी के द्वारिका भवन में रोजगार दिवस पर आयोजित स्व रोजगार मेले के दौरान अतिथि पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने कही। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत प्रधान ममता पटेल भी मौजूद थीं।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का 12 जनवरी को ही इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि युवा दिवस से युवा प्रेरणा लें और स्वरोजगार से जुड़कर रोजगार लेने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बने। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि युवा, महिलाएं अपना काम, अपनी सेवा अपने भविष्य के लिए करें और किसी पर भी आश्रित न रहें, इन योजनाओं के पीछे सरकार की यही मंशा है। उन्होंने कहा कि आपके लोन की गारंटी सरकार ने ली है और उसका सही इस्तेमाल करते हुए राशि का सदुपयोग करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन ने आपके लोन की गारंटी ली है तो सरकार का भी विश्वास कायम रखते हुए समय पर लोन की राशि को बैंकों को वापस करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बैंक भी समन्वय बनाकर योजनाओं में स्वीकृति दें।

उपस्थित जनों को जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने भी संबोधित किया और कहा कि हितग्राहियों को जिस उद्देश्य के लिए राशि दी जा रही है, उसका लाभ उठाएं और समय सीमा पर राशि का भुगतान करें ताकि ऋष्ा वापिसी से अन्य लोगों को भी योजनाओं का लाभ मिल सके। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन व कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### 459 प्रकरणों के स्वीकृति पत्र व ऋण का हुआ वितरण

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व्यक्तिगत, मुख्यमंत्री राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन समूह, राष्ट्रीय ग्रामीण पथकर विक्रेता, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुद्रा योजना के आवेदकों को ऋण वितरण व स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान योजनाओं के 459 प्रकरणों में स्वीकृत राशि 834.45 लाख का वितरण बैंकों के माध्यम से किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अंतर्गत 23 प्रकरण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 111, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 69 प्रकरण, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व्यक्तिगत में 48 प्रकरण, ग्रामीण पथकर विक्रेता योजना में 169 स्वीकृत प्रकरणों और रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 39 प्रकरणों में स्वीकृत पत्रों का वितरण मंच से अतिथियों ने किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत स्वीकृत दो प्रकरणों में भी हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

रोजगार दिवस पर भोपाल में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग अजय श्रीवास्तव, जनपद पंचायत कटनी सीईओ सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



## संगठन पर्व को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो हमेशा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक अपना सम्पर्क रखती है। यह सतत और निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। जिसमे प्रत्येक कार्यकर्ता की सहभागिता अहम है। भाजपा जिला कार्यालय में जिले की कामकाजी बैठक में उक्त विचार भाजपा पदाधिकारियों ने व्यक्त किये। भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक विषयों के साथ जिले की कामकाजी बैठक में संगठन पर्व के अंतर्गत विस्तारक योजना के मुख्य बिंदु जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय ने रखे। इसी तरह जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा, जिला उपाध्यक्ष दीपक सोनी, जिला मंत्री अंकिता तिवारी और ने भी महत्वपूर्ण विषय पर बिंदुवार चर्चा की। इस अवसर पर कटनी के जिला संगठन प्रभारी संजय साहू ने फोन द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में निरंतर चलने वाले पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सजगता के साथ करने, प्रत्येक मण्डलों में बूथ स्तर पर संगठन का विस्तार आदि को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा, सुरेश राय, शिवम शर्मा, रम्मू साहू, विजय दुबे, जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीश वर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा सहित विभिन्न मोर्चो के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं जिले व मंडलों के समस्त दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## गहोई दिवस पर होने वाले कार्यक्रम स्थगित

**कटनी।** गहोई दिवस पर आगामी 16 जनवरी को आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रम निरस्त कर दिये गये हैं। ऐसा जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम तथा शासन द्वारा कोरोनों को लेकर जारी दिशा निर्दषों के प्ररिपालन के तहत किया गया है। गहोई समाज के मुखिया ने सभी गहोई बंधुओं से आग्रह किया है कि वे गहोई दिवस पर 16 जनवरी को अपने घरों में रंगोली सजाएं एवं घरों से ही भगवान भुवन भास्कर की पूजा अर्चना करें।

## सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत रहेंगे स्वामी विवेकानंद

### तिलक कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजन

**कटनी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनभागीदारी से जन-आंदोलन कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में हमारा समाज हमारी जिम्मेदारी अभियान संचालित किया जा रहा है इस कार्यक्रम के अंतर्गत गत दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस/युवा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, की अध्यक्षता में जिला संगठक डॉ. आर. पी. सिहं, एन. एस. एस. प्रभारी डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. सरदार दिवाकर एनसीसी प्रभारी, डॉ. व्ही. के. द्विवेदी संयोजक स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. राजकुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में डॉ. चित्रा प्रभात ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानन्द, एंव बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा पर मल्यार्पण किया। उद्बोधन संदेश में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने देश के युवाओं को निरन्तर कार्य करने हेतु प्रेरित किया है उनका कर्म संदेश हम सभी को निरन्तर लक्ष्य प्राप्ति के लिए जागृत करता रहेगा। डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द युग पुरुष थे और उनका प्रसिध्द लक्ष्य वाक्य उठो जागो तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाय द्वारा विद्यार्थियों को निरन्तर सात्विक कर्म करने हेतु प्रेरित किया। विचार उद्बोधन की श्रृंखला में विद्यार्थियों संजय मौर्य, रेनिका सिहं राजपूत, पंकज गौतम,स्वाती मौर्य, मेद्या विश्वकर्मा, सजृन सोनी ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉ. माधुरी गर्ग ने व्यक्तिगत स्वच्छता,स्वास्थ्य, सम्बंधी समस्याओं के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया एंव शपथ दिलायी कि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहकर व्यक्तिगत एंव समाजिक उत्थान में पूर्ण सहयोग देंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक वर्ग डॉ. एम. पी. यादव, डॉ. के. पी. मिश्र, डॉ. विनय वाजपेयी, डॉ. व्ही. के. द्विवेदी, मधुमती जैन, लक्ष्मी नायक, पद्मजा शुक्ला, उर्मिला दुबे, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, ज्योत्सना आठ्या, राजेश साहू, पुर्नवसु भट्टाचार्य, आनन्द प्रताप सिहं, राहुल कुमार मौर्य आदि के साथ एन. एस. एस. और एन. सी. सी. के विद्यार्थियों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। अन्त में डॉ. माधुरी गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।





## तेवरी में युवाओं ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**तेवरी।** ग्राम तेवरी में स्थापित स्वामी विवेकानन्द ग्रामीण पुस्तकालय में तेवरी के युवाओं ने ग्राम के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षकों की उपस्थिति में स्वामी विवेकानन्द की 159 जयंती मनाई गयी। जिला प्रशासन कटनी की सौगात ष्स्वामी विवेकानन्द ग्रामीण पुस्तकालय तेवरी में राष्ट्रीय युवा दिवस और राष्ट्रीय रोजगार दिवस मनाया गया। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेमचन्द डेहरिया पुस्तकालय संचालक, अवसर सिंह धुर्वे, टी एस मार्को, अमित लकी अग्रहरि, महेन्द्र सिंह ठाकुर, जीडी तिवारी, रविन्द्रनाथ झारिया, अरविंद शाह ने अपने-अपने उदबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही शिकागो सर्व धर्म सम्मेलन 1893 के भाषण की रिकार्डिंग भी सुनाई गयी जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र सर ने किया और आभार प्रदर्शन युवराज सिंह धुर्वे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सृजल चौबे, यशराज सिंह, वेदप्रकाश, रौनक सोनी, आदर्श सोनी, विवेक यादव, अनुज गुप्ता, सृजल दाहिया, अंकित चक्रवर्ती, संदीप गुप्ता, समीर असाटी, नीलेश चक्रवर्ती, श्रेयांश गुप्ता, मयंक चौबे व अन्य का विशेष योगदान रहा।

## विहिप ने युवा दिवस के रूप में मनाई विवेकानंद की जयंती



**कटनी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष में तिलक कॉलेज में स्थापित स्वामी जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर एवम् शहर के विभिन्न चौराहा मे कोरोना महामारी से बचाव हेतु माक्स वितरण कर जन जागरण अभियान चलाकर युवा दिवस मनाया गया कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया की बजरंग दल एक ऐसा हिंदू संगठन है जो सदैव से क्रांतिकारी महापुरूषों की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाता रहा हैं और जब कभी भी राष्ट्र समाज में जब कभी कोई आपदा आई हैं बजरंग दल का कार्यकर्ता हर परिस्थिति में समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तत्परता से खड़ा रहा है। कार्यक्रम कोरोना गाइडलाइन का पूर्ण पालन करते हुए भव्य रूप से संपन्न हुआ जिसमें विहिप बजरंग दल के सभी बंधु उपस्थित रहे।

## 34 युवाओं ने किया रक्तदान



**तेवरी।** स्वामी विवेकानन्द जी की जन्म जयंती युवा दिवस पर युवा जन सेवा समिति तेवरी द्वारा 10वें रक्तदान शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेवरी में किया गया। जिसमें 34 युवाओं ने रक्तदान किया कार्यक्रम का आयोजन अरविंद शाह एवं बसंत जायसवाल के संयोजन में किया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के समक्ष ब्लड बैंक की सीनियर श्रीमति जया वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ झारिया, पंकज नामदेव, संतोष झारिया, मिथलेष रजक, वलवीर सिंह, चिंतकुमार, सुदेश जैन, आदर्श सिंह, श्यामलाल, मनीष जैन, देवचरण जायसवाल, संतोष जैन आदि की उपस्थिति रही।

## मेडिकल एसोसिएशन ने बांटे मास्क



सिटी कोतवाली के पास कटनी रिटेल मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मास्क वितरण किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

# यूनानी देवी की जगह अंकित हो भगवान चित्रगुप्त का चित्र

## जिला कायस्थ समाज ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** जिला कायस्थ समाज कटनी ने निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव एवं एडवोकेट अजय निगम के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर कटनी को सौंपा गया। जिसमें मांग की गई है कि देश में न्यायालयों एवं न्याय से संबंधित पुस्तकों में न्याय की देवी के रूप में यूनानी देवी की प्रतिमा प्रतीक चिन्ह के रूप में स्थापित है जो कि अंग्रेजों के द्वारा स्थापित की गई थी जो आज भी हमारे देश को गुलामी का एहसास दिलाती है जबकि भारत देश में सनातन धर्म के अनुसार वेद पुराणों में दिए गए लेख अनुसार न्याय के देवता भगवान चित्रगुप्त को माना गया है जो सभी प्राणियों के पाप पुण्य का लेखा जोखा रखते हैं अब देश को स्वतंत्र हुए 75 वर्ष हो गए हैं और हम आज भी उन्हीं शासकों के प्रतीक को अपनाए हुए हैं जबकि हमारे धर्म व्यवस्था में न्याय देव का निर्धारण किया गया है और भगवान श्री चित्रगुप्त को न्याय के देवता के रूप में स्थान दिया गया है तो हम क्यों ना पूर्व शासकों द्वारा स्थापित न्याय की मूर्ति की जगह अपने न्याय के देवता को स्थान दें। ज्ञापन में यूनानी देवी की प्रतिमा की जगह भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा उपयोग किये जाने की मांग कायस्थ समाज ने की है। इस अवसर पर संरक्षक शशांक श्रीवास्तव, संयोजक अजय निगम, एके खरे, पवन श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अजय खरे, आशा खरे, हेमंत श्रीवास्तव, अनिल खरे, संजीव श्रीवास्तव, पंकज निगम, संजीव वर्मा, अशोक सिन्हा, सौरव सिन्हा, गौरव सिन्हा, एके सक्सेना, शिवानी सक्सेना, सुधांशु सक्सेना, अंशु सक्सेना, गिरीश चंद्र सक्सेना, सारिका श्रीवास्तव, अमित निगम, विकास निगम, अतुल निगम, कविता निगम, अनादि निगम, मोना निगम, महेंद्र खरे, संजीव वर्मा, एके खरे, एके श्रीवास्तव, अजय निगम, आशीष श्रीवास्तव, दिनेश निगम, एडवोकेट संतोष श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, आर के खरे, केसी खरे अभिलाषा श्रीवास्तव, नागेंद्र श्रीवास्तव, विनय कांत निगम, मनोज कुमार निगम, कृष्णकांत निगम, रवि रंजन, खुशी श्रीवास्तव, ओ पी श्रीवास्तव, जेपी निगम, सोहनलाल निगम, अनुपमा श्रीवास्तव, आर पी खरे, सुशील कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम प्रसाद सिन्हा, प्रकाश निगम, वरुण श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, क्षितिज श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, आनंद खरे, मनीष श्रीवास्तव, सत्येंद्र श्रीवास्तव, आशीष खरे, बृजेश कुमार सिन्हा श्रीवास्तव, नागेंद्र श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अनुपम वर्मा, राजू खरे, अजीत खरे, रवि कांत श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, राज श्रीवास्तव, ऋषभ श्रीवास्तव, विरेंद्र श्रीवास्तव, रणवीर कर्ण, शरद अस्थाना, राजेश निगम, प्रीती खरे, रचना श्रीवास्तव, रविंद्र बक्शी, शिवम निगम, नवनीत श्रीवास्तव, चीनी श्रीवास्तव, राजेश निगम, राजेंद्र निगम, प्रदीप सुप्रिया, सीमा सहित समाज के बंधु उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित हुई विभिन्न जनजगरूकता गतिविधियां



**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण - 2022 की गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्त करते हुए नगर को स्वच्छता के उच्च शिखर का दर्जा प्राप्त करने हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित गतिविधियों के तहत निगम की सहयोगी संस्था के माध्यम से लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शिव सनातन विद्या मंदिर के बच्चों को साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्रभात फेरी व जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली के माध्यम से वार्ड के नागरिकों को अपनें घरों के आसपास पर्याप्त सफाई रखने व सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार कर कपड़े के थैले का उपयोग करने की अपील की गई।

### सोर्स सेग्रीगेशन की दी जानकारी, सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील

स्वच्छता सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप रोजना आयोजित की जाने वाली गतिविधयों के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दरोगाओं एवं सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर नागरिकों के घरों से निकलनें वाले कचरे के प्रकारों की जानकारी से अवगत कराकर गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखनें एवं निगम के कचरा संग्रहण वाहन में पृथक पृथक ही देने की अपील की निरंतर की जा रही है।

### स्कूलों में आयोजित हुई दीवार लेखन एवं पेंटिग प्रतियोगिता

नागरिकों के साथ ही स्कूलों के बच्चों में स्वच्छता की अलख जगाने के उद्धेश्य से निगमायुक्त श्री घाकरे के नगर के विभिन्न स्कूलों में भी स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन अनवरत जारी है। इसी तारतम्य में शासकीय उर्दू प्राथमिक शाला एवं सेठ गुलाबचंद आदर्श माध्यमिक शाला में दीवार लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में शाला के छात्र छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की जाकर विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया।

## प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए आवेदन 4 फरवरी तक

कटनी। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार वर्ष 2021 के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 3 जनवरी से शुरू हो गये हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद आवेदन, प्रस्ताव 20 जनवरी से 4 फरवरी तक ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार की वेबसाईट में प्रस्ताव, नामांकन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं सबमिशन किया जाना है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और जिला कलेक्टर्स को कहा है कि प्राथमिकता के आधार पर विभाग, जिले की ओर से निर्धारित समय-सीमा में डीएआरपीजी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन कर आवेदन जमा करें। साथ ही कार्यवाही की जानकारी से सामान्य प्रशासन विभाग को अवगत करवाएं।



## 39 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए 18 लाख का ऋण वितरित

### नगर परिषद ने आयोजित किया लोन मेला

**कैमोर।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत कैमोर नगर परिषद द्वारा गत 12 जनवरी को लोन मेले का आयोजन कर 39 हितग्राहियों को 18 लाख के ऋण बैंकों के माध्यम से वितरित किये गए। नगर परिषद के सी एम ओ धर्मेन्द्र शर्मा ने एक जानकारी में बताया कि स्वरोज़गार योजना के तहत 19 हितग्राहियों को 16 लाख एवं पी एम स्वनिधि योजना के तहत 20 हितग्राहियों को 2 लाख के ऋण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्मय से वितरित कराये गये। इस अवसर पर बैंक शाखा प्रबंधक विवेक प्रकाश एवं मुकेश मिश्रा सहित योजना प्रभारी मनोरमा सिंह, सुरेश मंगोरिया, शिव कुमार द्विवेदी तथा संजय त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## सट्टा पट्टी काटते प्रौढ़ गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सटोरिये को दबोचा है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि रबड़ फैक्ट्री रोड में 55 वर्षीय विवेक पटेरिया सट्टा खिला रहा था। मुखबिर की सूचना पर टीम ने दबिश दी। जांच के दौरान आरोपी के पास से 5050 रुपये नगद व म सट्टा पट्टी जप्त की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# कार की डिक्की से 4 किलो गांजा बरामद

## बंदरी रेल्वे पुलिया के पास बड़वारा पुलिस की कार्रवाई




**कटनी।** इन दिनों मादक पदार्थों की तस्करी हाईटेक तरीके से होने लगी है, बदमाश तस्करी करने के लिए लग्जरी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले का खुलासा बड़वारा पुलिस ने किया है। जिसमें एक आरोपी मारुति सुजुकी कार में गांजा लेकर पहुंचा था और ग्राहक का इंतजार करते समय इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार करते हुए कार की डिक्की से 4 किलो गांजा बरामद किया है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बंदरी रेल्वे पुलिया के पास एक व्यक्ति मारुति सुजुकी ग्रे कलर की एस प्रेसो गाड़ी क्रमांक एम.पी.21सीबी-1728 लिये हुये अवैध रूप से गांजा रखे हुये ग्राहक का इंतेजार कर रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल टीम बनाकर दबिश दी गई। आरोपी पुलिस को देखकर कार में बैठकर भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके थैले की तलाशी लेने पर 4 पैकिट में कुल 4 किलो गांजा कीमती 60 हजार रूपये का मिला। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अनिरुद्ध उर्फ लवकेश प्रसाद द्विवेदी पिता मधुसूदन प्रसाद द्विवेदी उम्र 24 साल निवासी कोनिया थाना बरही का होना बताया है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8, 20 के तहत कार्रवाई की गई है। गांजा तस्कर को पकड़ने मे बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, उपनिरीक्षक महेन्द्र बेन, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, नितिन जायसवाल आरक्षक जजकुमार, संतोष यादव, वाहन चालक आरक्षक अभय यादव की भूमिका रही।

## खुद कचरा हो गए कचरादान



कटनी। नगर निगम के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में जगह-जगह कचरा संग्रहित करने लगाए गए अधिकांश कचरादान खुद कचरा हो गए हैं। शहर के कचहरी चौक स्थित यशभारत कार्यालय के सामने लगा कचरादान बीते गई दिनों से नालियों में पड़ा है।

## अपराधिक वारदात की योजना बनाते जिलाबदर का आरोपी गिरफ्तार

### अमेहटा स्कूल के पास कैमोर पुलिस की कार्रवाई




**कटनी।** जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करते हुए जिले की ही सीमारेखा में घूम रहे एक अपराधी को कैमोर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि थाना कैमोर अंतर्गत ग्राम मेहगांव निवासी 26 वर्षीय शहंशाह कोल पिता रामदास कोल को जिला दंडाधिकारी न्यायालय प्रियंक मिश्र के द्वारा जिलाबदर का आदेश बीते 14 दिसम्बर को दिया था। आदेश में सरहदी जिलों की सीमा से जिला बदर का आदेश पारित किया गया था और उक्त आदतन गंभीर अपराधी को कैमोर पुलिस द्वारा 26 दिसम्बर को विधिवत जिला बदर आदेश तामील किया जाकर जिले से बाहर किया गया था। गत रात्रि कैमोर पुलिस को जानकारी मिली कि जिलाबदर आरोपी शहंशाह कोल ग्राम अमेहठा में स्कूल के आसपास अपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। तत्काल कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन, उपनिरीक्षक आर पी रावत, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल एवं होमगार्ड सैनिक मुकेश मिश्रा के द्वारा रात्रि 1 बजे घेराबंदी की जाकर जिलाबदर आरोपी शहंशाह कोल को गिरफ्तार किया गया। शहंशाह कोल के विरूद्ध धारा 14 एवं 15 (क) मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 एवं धारा 188 भारतीय दंड विधान के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक शहंशाह कोल के विरुद्ध लड़ाई, झगड़ा, मारपीट, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी, चोरी एवं नकबजनी के करीब आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध हैं और न्यायालय में विचाराधीन है।

## महाराष्ट्र की निजी कंपनी में काम कर रही थी बरही से लापता किशोरी

### बरही पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** बरही पुलिस ने एक लापता किशोरी को दस्तयाब किया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से 4 दिसंबर को किशोरी लापता हो गई थी। 5 दिसंबर को परिजनों ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। बरही पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया। जांच के दौरान पता चला कि किशोरी महाराष्ट्र की एक निजी कंपनी में काम कर रही है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया है।

## 12 घंटे के अंदर रीठी पुलिस ने सुलझाई वारदात

# पुलिस के हत्थे चढ़ा बिजली खंभों से तार चोरी करने वाला गिरोह



### तार व केबिल सहित वारदात में उपयोग की जाने वाली स्कार्पियो जीप व लोडर जप्त

**कटनी।** जिले में खंभों से बिजली की तार चोरी करने वाले गिरोह को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि 12 घंटे पूर्व आरोपियों ने थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके पश्चात रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने तत्परता के साथ आरोपियों को चंद घंटों में गिरफ्तार किया है। आरोपियों से अन्य चोरियों का भी खुलासा होने की उम्मीद है। सभी आरोपी रीवा जिले के है जोकि रैकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तार सहित एक लोडर वाहन एवं एक स्कार्पियो वाहन जप्त किया है। रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि ग्राम देवगांव में बिजली गोदाम से लगभग ढाई लाख कीमती एल्युमिनियम तार सहित उपकरण की चोरी हुई थी। शिकायत पर धारा 379 का अपराध दर्ज करने के बाद टीम गठित कर छानबीन शुरू की गई तो पता चला कि एक रीवा पासिंग वाहन क्षेत्र में कई दिनों से देखा जा रहा है। जिसे पकड़ा गया तो पता लगा कि यह पूरा गिरोह है जो केवल खम्बों से बिजली तार सहित बिजली उपकरणों की चोरी करते हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी रविन्द्र कुशवाहा पिता रामजी कुशवाहा उम्र 26 साल निवासी ग्राम मढ़ा थाना चुरहटा जिला रीवा, श्यामजी कुशवाहा पिता रामविश्वास कुशवाहा उम्र 28 साल निवासी ग्राम सिरपरा थाना बिछिया जिला रीवा, श्रवण कुशवाहा पिता तेजभान कुशवाहा उम्र 22 साल निवासी ग्राम बिलवा पैकान थाना रायपुर करचुलियान जिला रीवा, पवन कुशवाहा पिता राजभान कुशवाहा उम्र 22 साल निवासी ग्राम बिलवा पैकान थाना रायपुर करचुलियान जिला रीवा, अमित पिता सुमेश्वर कुशवाहा 26 साल निवासी ग्राम सिलपरा थाना बिछिया(स्कारपियो चालक), सौरभ कुशवाहा पिता हरिशंकर कुशवाहा उम्र 26 साल निवासी ग्राम अटरिया थाना चुरैहटा जिला रीवा (पिकअप चालक) के पास से 11 केवी की एल्यूमिनीयम तार का एक बंडल तथा 35 एमएम एलटी कैवेल जिसमें काले रंग की प्लास्टिक ऊपर चढ़ी है, एक ड्रम 500 लीटर एवं एक तार काटने वाला कटर तथा एक स्कारपियो जीप व माल ढोने के लिये पिकअप वाहन कुल मशरुका करीबन 20 लाख रूपये जप्त किया गया है।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में उक्त मामले के खुलासे में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सिंह चौहान, रमाकांत दुबे, कोदूलाल कुशवाहा, जयचंद, प्रधान आरक्षक रमेश सिंह, आरक्षक धर्मेन्द्र यादव, डायल 100 पायलट मानिक लाल पटेल, ग्राम रक्षा समिति सदस्य प्रभाकर दुबे की भूमिका रही। पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद ईनाम से पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई है।

## समाधान योजना के तहत दी जा रही 40 व 25 प्रतिशत की छूट

# विद्युत कंपनी ने शुरू की कोरोनाकाल में माफ किए गए बिजली बिलों की वसूली

### 31 जनवरी तक लाभ ले सकते हैं बिजली उपभोक्ता

**कटनी।** 31 अगस्त 2020 में सरकार ने वैश्विक महामारी के चलते उपभोक्ताओं को तात्कालिक राहत देने के लिए एक किलोवाट के घरेलू कनेक्शन की बकाया राशि अस्थिगित कर दी गई थी। यह उपभोक्ता के बिल से विलोपित कर दी गई थी। सिर्फ वर्तमान महीने के बिल की वसूली चल रही थी। यह क्रम 2022 तक चला। लोग यह मान बैठे थे कि सरकार ने माफ कर दिया है लेकिन ऐसा नहीं है। अब विद्युत विभाग ने उसकी वसूली शुरू कर दी है। बस सरकार यह कर रह है कि समाधान योजना निकालकर छूट प्रदान कर रही है। इसके लिए दो विकल्प रखे गए हैं। बकाया राशि की एक मुश्त राशि जमा करने पर 40 प्रतिशत की छूट व अधिभार की पूरी छूट दी जा रही है। विकल्प दो में 31 अगस्त 2020 तक की बकाया राशि में 25 प्रतिशत की छूट व अधिभार में शतप्रतिशत छूट दी जा रही है। पहले इसकी इसके लिए 15 दिसंबर आखिरी तारीख रखी गई थी, इसे बढ़ाकर 18 दिसंबर तक कर दिया गया था। अब फिर से 31 जनवरी तक कर दी गई है।

### 1 लाख 37 हजार उपभोक्ताओं का बकाया है बिल

गौरतलब है कि जिले में एक लाख 37 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनका बिल पुराना बकाया है। 60 करोड़ रुपये की राशि अस्थिगित की गई थी। जिसे वसूलना शुरू किया गया है। पूर्व में 15 हजार लोगों ने ही योजना का लाभ उठाने फार्म भरा था। अभी गांव में 244 लोगों ने ही फार्म भरा है। ऐसे में फार्म न भरने पर पूरी राशि जुड़कर आ जानी है। बिलिंग चालू हो गई है। कटनी जिले में 23 डीसी हैं, जिसमें से 6 डिसी सिटी में हैं व 17 डीसी ग्रामीण क्षेत्र में है। ग्रामीण के 5 डीसी के बिल प्रिंट हो गए हैं। जिन्होंने विकल्प नहीं भरे हैं, उनके बिल में पूरी राशि जुड़कर आ गई है। इसमें अमाड़ी, स्लीमनाबाद, सिलौड़ी, उमरियापान और तेवरी के बिल वितरण हो चुके हैं। गांव में 98 प्रतिशत लोगों ने योजना के तहत फार्म नहीं भरा है।

### ऑनलाइन व ऑफलाइन लाभ ले सकते हैं उपभोक्ता

बिल प्रिंट होने के बाद फिर से योजना लागू कर दी गई है। अब 31 जनवरी तक उपभोक्ता फार्म भर सकते हैं। ऐसे में जिन क्षेत्रों में ज्यादा बिल चले गए हैं वे वर्तमान महीने का बिल जमा कर बाकी के बिल में समाधान योजना का लाभ लेकर बिल जमा कर सकेंगे। जो बिल नहीं बंटे हैं वहां पर सुधार के बाद बिल भेजे जाएंगे। पांच डीसी में भी योजना का लाभ उठा सकेंगे। योजना के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन भी भरे जा रहे हैं। उपभोक्ताओं के यह भी कहा गया है कि ज्यादा बिल आने से घबराएं नहीं बल्कि योजना के तहत लाभ उठाएं। जो पुरानी राशि जुड़ी है उस आधार पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी नहीं होगी। जो कार्रवाई होगी वह नए बिल जमा न करने पर होगी।

### 22453 उपभोक्ता पात्रता श्रेणी में

जानकारी के अनुसार 31 अगस्त 2020 की स्थिति में विद्युत विभाग कंपनी शहर संभाग अंतर्गत समाधान योजना अंतर्गत कुल 22453 उपभोक्ता पात्रता श्रेणी में है। जिनकी मूल राशि 867.88 लाख एवं अधिकार 145.7 लाख रुपए बकाया है। वर्तमान में शहर संभाग अंतर्गत कुल 10792 उपभोक्ताओं द्वारा लाभ लिया गया है। जिसमें 7863 उपभोक्ताओं को 108.80 लाख की राशि माफ की गई है। वहीं दूसरे विकल्प में 2932 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा चयन किया गया। जिसमें 72.35 लाख की राशि माफ की गई है। शेष उपभोक्ताओं के आवेदन कार्यालय में प्राप्त किए जा रहे हैं।

**इनका कहना है**

जिले में 1 लाख 37 हजार उपभोक्ताओं का कोराना काल के पहले का 60 करोड़ रुपये बकाया है। अब वसूली शुरू हो गई है। जिसमें समाधान योजना के तहत दो विकल्प में एक मुश्त जमा करने पर 40 प्रतिशत व अधिभार में पूरी व विकल्प दो में 6 किश्तों में जमा करने पर 25 प्रतिशत व 100 प्रतिशत अधिभार की छूट मिलेगी। समाधान योजना का लाभ 31 जनवरी तक के लिए लागू है।

-संजय अरोरा,अधीक्षण यंत्री।

## बहकी बाइक खेत में घुसी, बाइक सवार गंभीर



**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पड़खुरी के समीप एक युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के पाठक वार्ड क्षेत्र निवासी चंचल लोधी बाइक से कहीं जाते समय पड़खुरी के पास सड़क हादसे में घायल हो गया। बताया जाता है कि ग्राम पड़खुरी स्थित गोसाई महराज के पास तेज रफ्तार बाइक बहक कर सड़क किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जिससे कारण चंचल गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से 108 एम्बुलेंस से कटनी भेजा गया, जहां उपचार जारी है।


यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**आवश्यकता है**
CCTV IP Camera Installation हेतु जानकार लड़कों ( Technician) की आवश्यकता है, योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें। Technician के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना अनिवार्य है। वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क- माधव इलेक्ट्रॉनिक्स झूलेलाल मंदिर के पास, गुरूनानक वार्ड, कटनी मो. 7000922945, 9300937907

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**देवपद** स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोरायसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274






JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.






सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**रत्ना मैरिज गार्डन**
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था





पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)